
## पैप टेस्ट क्या है?

पैप टेस्ट की मदद से ग्रीवा में हुए असामान्य बदलावों का पता लगाया जा सकता है। शुरू में ही बदलावों का उपचार कर देने से ग्रीवा के कैंसर को रोका जा सकता है। पैप टेस्ट निःशुल्क है।






## ग्रीवा क्या है?

ग्रीवा एक खुली जगह या द्वार है जो गर्भाशय (बच्चेदानी) के सबसे निचले हिस्से में होती है। जब बच्चे का जन्म होता है, तो वह ग्रीवा से होकर ही बाहर आता है।

## असामान्य बदलाव किस कारण होते हैं?

ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (Human Papillomavirus), अथवा एचपीवी, एक बहुत ही आम यौन रोग है, जो किसी महिला की ग्रीवा में असामान्य बदलाव ला सकता है। कभी–कभी, एचपीवी द्वारा लाए गए असामान्य बदलाव कैंसरग्रस्त बन सकते हैं। इससे पहले कि ये असामान्य बदलाव कैंसर बनें, पैप टेस्ट इनका पता लगा सकता है।

## क्या मुझे पैप टेस्ट करवाने की आवश्यकता है?

उन सभी महिलाओं को नियमित रूप से पैप टेस्ट करवाने चाहिए जो कभी भी यौन रूप से सक्रिय रही हों (अर्थात्, जिन्होंने संभोग किया हो या अंतरंग स्पर्श किया हो)।

## मझे कितनी बार पैप टेस्ट करवाना चाहिए?

**आपको पेप टेस्ट 21 साल की आयु से शुरू करके ,हर 3 साल , 69 की आयु तक करवाना चाहिए .**

## एचपीवी वैक्सीन क्या है?

एचपीवी वैक्सीन कुछ विशेष प्रकार के एचपीवी से बचाव कर सकती है, जो ग्रीवा का कैंसर पैदा करते हैं। यह वैक्सीन उन एचपीवी संक्रमणों का उपचार नहीं करती जो मौजूद हैं। यदि आप यह वैक्सीन लेती हैं, तो भी आपको नियमित रूप से पैप टेस्ट करवाने की आवश्यकता होगी।

## पैप टेस्ट के लिए मैं कहां जा सकती हूं?

अपने डॉक्टर या नर्स से पूछें, अपने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें, अथवा हमारी निम्नलिखित वेबसाइट पर जाएं cancercare.mb.ca/screening.

**ग्रीवा कैंसर की अधिकांश घटनाओं को रोका जा सकता है, यदि महिलाएं असामान्य बदलावों का पता लगाने के लिए नियमित रूप से पैप टेस्ट और अनुवर्ती जांच कराती रहें।**

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

**CervixCheck, CancerCare Manitoba**
**#5-25 Sherbrook Street**
**Winnipeg, Manitoba R3C 2B1**

टेलीफ़ोन: 204-788-8626
निःशुल्क: 1-855-952-4325
CervixCheck@cancercare.mb.ca
cancercare.mb.ca/screening

CancerCare Manitoba
ActionCancerManitoba
BreastCheck CervixCheck ColonCheck

2022 x-bkmk-hindi.pdf